रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 535] नई दिल्ली, शुक्रवार, अगस्त 28, 2015/भाद्र 6, 1937
No. 535] NEW DELHI, FRIDAY, AUGUST 28, 2015/BHADRA 6, 1937

IndiaCode

वित्त मंत्रालय
(आर्थिक कार्य विभाग)
अधिसूचना

नई दिल्ली, 27 अगस्त, 2015

सा.का.नि. 667(अ).- केंद्रीय सरकार, सिक्का निर्माण अधिनियम, 2011 (2011 का 11) की धारा 24 की उप-धारा (2) के खंड (घ) और (ड.) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थातः-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :-** (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम **"भारत पाक युद्ध 1965 की स्वर्ण जयंती"** के अवसर पर स्मरणोत्सव मनाने के लिए पचास रुपये और पांच रुपये के सिक्कों का निर्माण नियम, 2015 है।
   (2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।
2. **सिक्कों का अंकित मूल्य-- "भारत पाक युद्ध 1965 की स्वर्ण जयंती"** के अवसर पर स्मरणोत्सव मनाने के लिए केन्द्रीय सरकार के प्राधिकार के अधीन जारी करने के लिए टकसाल में निम्नलिखित अंकित मूल्य के सिक्कों का निर्माण किया जाएगा, अर्थात :-
   (i) पचास रुपये;
   (ii) पांच रुपये;
3. **सिक्कों की विमाएं और संरचना ---** नियम 2 में उल्लिखित अंकित मूल्य के सिक्के निम्नलिखित विमाओं और संरचना के अनुरूप होंगे, अर्थात :-

सिक्के का अंकित मूल्य	आकृति और बाह्य व्यास	दांतों की संख्या	धातु संरचना
(1)	(2)	(3)	(4)
पचास रुपये	वृत्ताकार 44 मिलीमीटर	200	**चतुर्थक मिश्र धातु** चांदी – 50 प्रतिशत तांबा – 40 प्रतिशत निकल – 5 प्रतिशत जस्ता – 5 प्रतिशत
पांच रुपये	वृत्ताकार 23 मिलीमीटर	100	**निकल कांस्य** तांबा – 75 प्रतिशत जस्ता – 20 प्रतिशत निकल – 05 प्रतिशत

4. डिज़ाइन – सिक्कों का डिज़ाइन निम्नानुसार होगा :-

(i) पचास रुपये

अग्र भाग

सिक्के के मुख भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** मुद्रा लेख उत्कीर्णित होगा, उसकी बाईं ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में **"भारत"** शब्द और दाहिनी ऊपरी परिधि पर अंग्रेजी में "INDIA" शब्द होगा और सिंह शीर्ष के नीचे रुपया का प्रतीक "₹" और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"50"** भी होगा।

पृष्ठ भाग

सिक्के के मुख भाग पर मध्य में बाईं और दाईं तरफ जैतून की पत्तियों के डिजाइन सहित "अमर जवान" स्मारक का चित्र होगा, जिसमें बाईं ऊपरी परिधि पर **देवनागरी लिपि में "वीरता एवं बलिदान"** तथा दाहिनी ऊपरी परिधि पर अंग्रेजी में **"VALOUR & SACRIFICE"** उत्कीर्णित होगा। स्मारक के चित्र के नीचे वर्ष "2015" उत्कीर्णित होगा। सिक्के के इस भाग पर ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में "**1965 सामरिक अभियान का स्वर्ण जयंती वर्ष**" और निचली परिधि पर अंग्रेजी में **"GOLDEN JUBLILEE 1965 OPERATIONS"** उत्कीर्णित होगा।

(ii) पांच रुपये

अग्र भाग

सिक्के के मुख भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** मुद्रा लेख उत्कीर्णित होगा, उसकी बाईं ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में **"भारत"** शब्द और दाहिनी ऊपरी परिधि पर अंग्रेजी में "INDIA" शब्द होगा और सिंह शीर्ष के नीचे रुपया का प्रतीक "₹" और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"5"** भी होगा।

पृष्ठ भाग

सिक्के के मुख भाग पर मध्य में बाईं और दाईं तरफ जैतून की पत्तियों के डिजाइन सहित "अमर जवान" स्मारक का चित्र होगा, जिसमें बाईं ऊपरी परिधि पर **देवनागरी लिपि में "वीरता एवं बलिदान"** तथा दाहिनी ऊपरी परिधि पर अंग्रेजी में **"VALOUR & SACRIFICE"** उत्कीर्णित होगा। स्मारक के चित्र के नीचे वर्ष "2015" उत्कीर्णित होगा। सिक्के के इस भाग पर ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में "**1965 सामरिक अभियान का स्वर्ण जयंती वर्ष**" और निचली परिधि पर अंग्रेजी में **"GOLDEN JUBLILEE 1965 OPERATIONS"** उत्कीर्णित होगा।

5. **मानक वजन तथा अनुज्ञात उपचार** : **"भारत पाक युद्ध 1965 की स्वर्ण जयंती"** के अवसर पर स्मरणोत्सव मनाने के लिए बनाए गए निम्नलिखित अंकित मूल्य के सिक्कों का मानक वजन और ऐसे सिक्कों को बनाने में अनुज्ञात उपचार निम्नलिखित सारणी में यथाविनिर्दिष्ट रुप में होगा, अर्थात :-

अनुसूची

सिक्के का अंकित मूल्य	मानक वजन	अनुज्ञात उपचार	
		संरचना में	मानक वजन में
(1)	(2)	(3)	(4)
पचास रुपये	35 ग्राम	चांदी में 1/500वां जमा या घटा अर्थात चाँदी के अंश में प्रति 1000 में 498 से 502 तक का अंतर हो सकेगा।	1/100वां जमा या घटा अर्थात वजन में 34.65 ग्राम से 35.35 ग्राम तक का अंतर हो सकता है।
पांच रुपये	6 ग्राम	तांबा और जस्ता के लिए 1/100वां जमा या घटा, अर्थात तांबे में 74 प्रतिशत से 76 प्रतिशत और जस्ता	1/40वां जमा या घटा अर्थात वजन में 5.85 ग्राम से 6.15 ग्राम का अंतर हो सकता है।

IndiaCode

		में 19 प्रतिशत से 21 प्रतिशत का अंतर हो सकता है तथा निकल के लिए 1/200वां जमा या घटा अर्थात निकल में 4.5 प्रतिशत से 5.5 प्रतिशत का अंतर हो सकता है।	

[फा. सं. 02/16/2015-सिक्का)

पंकज गुप्ता, अवर सचिव (एस.पी.एम.सी. एवं सिक्का)

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economic Affairs)

NOTIFICATION

New Delhi, the 27th August, 2015

G.S.R.667(E).—In exercise of the powers conferred by clauses (d) and (e) of sub-section (2) of Section 24 of the Coinage Act, 2011 (11 of 2011), the Central Government hereby makes the following rules, namely:—

1. ***Short title and commencement.-****(1) These rules may be called the Coinage of Fifty Rupees and Five Rupees Coins to Commemorate the Occasion of* ***" GOLDEN JUBILEE OF INDO PAK WAR 1965 "*** *Rules, 2015.*

   (2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. ***Denomination of coins*** *.- The coins of the following denominations shall be coined at the Mint for issue under the authority of the Central Government to commemorate the occasion of* ***"GOLDEN JUBILEE OF INDO PAK WAR 1965 "****, namely:-*
   (i) Fifty Rupees;
   (ii) Five Rupees.

3. ***Dimension and composition of coins*** *.- The coins of the denominations mentioned in rule 2 shall conform to the following dimensions and composition, namely:-*

Denomination of coin	Shape and outside diameter	Number of serrations	Metal composition
(1)	(2)	(3)	(4)
Fifty Rupees	Circular 44 millimeters	200	**Quaternary Alloy** Silver - 50 per cent. Copper - 40 per cent. Nickel - 05 per cent. Zinc - 05 per cent.
Five Rupees	Circular 23 millimeters	100	**Nickel Brass** Copper - 75 per cent. Zinc - 20 per cent. Nickel - 05 per cent.

4. **Design: - The design of the coins shall be as under:-**

(i) <u>FIFTY RUPEES</u>

<u>OBVERSE:</u>

The face of the coin shall bear the Lion Capital of Ashoka Pillar in the center with the legend "सत्यमेव जयते" inscribed below, flanked on the left periphery with the word "भारत" in Devnagri script and on the right periphery flanked with the

word "INDIA" in English and it shall also bear the Rupee symbol "`" and denominational value "50" in the international numerals below the Lion Capital.

REVERSE:

The face of the coin shall bear the image of "Amar Jawan" monument along with the design of olive leaves branch on its left and right sides at the centre, with **the inscription "वीरता एवं बलिदान" in Devnagri Script** on the left upper periphery **and "VALOUR & SACRIFICE"** in English on the right upper periphery. The year "2015" shall be inscribed below the image of the monument. The inscription "1965 सामरिक अभियान का स्वर्ण जयंती वर्ष" in Devnagri script on the upper periphery and "**GOLDEN JUBILEE 1965 OPERATIONS**" in English on the lower periphery shall be written on this face of coin.

(ii) FIVE RUPEES

OBVERSE:

The face of the coin shall bear the Lion Capital of Ashoka Pillar in the center with the legend "**सत्यमेव जयते**" inscribed below, flanked on the left periphery with the word "**भारत**" in Devnagri script and on the right periphery with the word "INDIA" in English and it shall also bear the Rupee symbol "`" and denominational value "5" in the international numerals below the Lion Capital.

REVERSE:

The face of the coin shall bear the image of "Amar Jawan" monument along with the design of olive leaves branch on its left and right sides at the centre, with **the inscription "वीरता एवं बलिदान" in Devnagri Script** on the left upper periphery **and "VALOUR & SACRIFICE"** in English on the right upper periphery. The year "2015" shall be written below the image of the monument. The inscription "1965 सामरिक अभियान का स्वर्ण जयंती वर्ष" in Devnagri script on the upper periphery and "**GOLDEN JUBILEE 1965 OPERATIONS**" in English on the lower periphery shall be written on this face of coin.

(5) **Standard weight and remedy allowed.-**The standard weight of the coins of the following denominations, coined to commemorate the occasion of **"GOLDEN JUBILEE OF INDO PAK WAR 1965 "** and the remedy allowed in making of such coins shall be as specified in the Table, below:-

TABLE

Denomination of coin	Standard weight	Remedy allowed	
		In composition	In standard weight
(1)	(2)	(3)	(4)
Fifty Rupees	35 Grams	1/500th plus or minus for Silver, that is to say, the Silver content may vary from 498 to 502 per 1000.	1/100th plus or minus, that is to say, the weight could vary from 34.65 grams to 35.35 grams.
Five Rupees	6 Grams	1/100th plus or minus for Copper and Zinc, that is to say, Copper could vary from 74 percent to 76 percent and Zinc from 19 per cent. to 21 per cent. and 1/200th plus or minus for Nickel, that is to say, Nickel could vary from 4.5 per cent. to 5.5 per cent.	1/40th plus or minus, that is to say, the weight could be varying from 5.85 gram to 6.15 gram

[F. No. 02/16/2015-Coin]
PANKAJ GUPTA, Under Secy., (SPMC & Coin)

Printed by the Manager, Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.